>

Title: Need to relax the norms for construction of roads under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana to facilitate construction of roads in Garhwal Parliamentary constituency in Uttarakhand.

श्री सतपाल महाराज (गढ़वाल): मैं सरकार का ध्यान प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। सरकार द्वारा शुरू की गई यह एक बहुत महत्वपूर्ण योजना है जिसे जनता द्वारा भी सराहा गया है। मेरा संसदीय क्षेत्र विषय भौगोलिक परिस्थितियों वाला पर्वतीय क्षेत्र है, जिसकी सीमाएं चीन व नेपाल से लगती हैं। प्रशासनिक त्रुटियों के कारण वहां के सुदूरवर्ती गांवों को मुख्य मार्ग से जुड़ा हुआ दिखा दिया जाता है जबकि वास्तविकता में वह बने ही नहीं हैं। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत उनको बनवाने के लिए संशोधन की एक जटिल प्रक्रिया है जिसके कारण वे मार्ग वर्षों तक लंबित पड़े रहते हैं। जैसे पौड़ी जिले के कल्जीखाल ब्लाक में ही दो गांव है - थापली और थापला। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत थापली की तो सड़क बन गई परंतु गलत रिपोर्ट के कारण जिसमें थापला को जुड़ा हुआ दिखाया गया, वह मार्ग अभी तक लंबित है। इस प्रकार मेरे संसदीय क्षेत्र के दर्जनों गांव मार्ग निर्माण से वंचित हैं। चमोली जिले में सल्ड से मोवारी, कपकोट से धीमी गांव किराई, कपकोट से दयाली कुरौली, कपकोट से गदेरा, कपकोट से सामा तथा जीवई से बीरांगणा मार्ग इसी प्रकार से अटके हुए हैं। जिलाधिकारी की आख्या को ही आधार मानकर इस प्रकार त्रुटिपूर्ण संयोजित दिखाए गए असंयोजित मार्गों का निर्माण प्रमुखता से होना चाहिए।

मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इस प्रकार के मार्गों का शीघ्र निर्माण सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के संशोधन मानकों का सरलीकरण करें जिससे इन मार्गों का शीघ्र निर्माण हो सके।